संख्या 4/2025/140/21-उर्दू-2-2025
उत्तर प्रदेश शासन
भाषा(उर्दू)अनुभाग-2
संख्या:140/इक्कीस-उर्दू-2-2025
लखनऊ, दिनांक : 20 अगस्त ,2025

सचिवालय के समस्त अधिष्ठान-:

गत वर्ष की भॉति इस वर्ष भी भाषा विभाग के नियंत्रणाधीन जूनियर हाईस्कूल / हाईस्कूल स्तर की उर्दू की वैकल्पिक प्रवीणता परीक्षा सचिव, परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा दिनांक 09,10 एव 11 दिसम्बर 2025 को आयोजित की जा रही है। उक्त परीक्षा में आवेदन-पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 02 नवम्बर, 2025 निर्धारित है। इस परीक्षा में सभी शासकीय/राज्य कर्मचारी /निगम /स्थानीय निकाय कर्मचारी सम्मिलित हो सकते हैं। जूनियर हाईस्कूल एवं हाईस्कूल स्तर की परीक्षा से संबंधित सादे आवेदन पत्र आवश्यक निर्देशों सहित आपको इस अनुरोध के साथ प्रेषित किये जा रहे हैं कि इसे **अपने विभाग के नियंत्रणाधीन समस्त कर्मचारियों में परिचालित** कराने का कष्ट करें, ताकि इच्छुक अधिकारी/ कर्मचारी परीक्षा में सम्मिलित हो सकें। निर्धारित प्रोफार्मा पर भरे हुए आवेदन पत्र उचित माध्यम से अग्रसारित कराकर दिनांक **02 नवम्बर 2025** तक सचिव, परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश प्रयागराज कार्यालय में जमा कराने का कष्ट करें।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय,

(मो० आसिम रिजवी)
अनु सचिव (भाषा)

संख्या एवं दिनांक उपरोक्त।

प्रतिलिपि-निदेशक / सचिव ,समस्त भाषाई संस्थाओं को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया उपरोक्त के संबंध में संस्था /अकादमी की वेबसाइट पर प्रेस विज्ञप्ति अपलोड कराने का कष्ट करें।

(मो० आसिम रिजवी)
अनु सचिव (भाषा)

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकतानही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकतावेबसाइटhttp://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in